# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–
कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक :3289/कु.स./2025

दिनांक :01.07.2025

## अति आवश्यक / सत्र प्रारम्भ

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषयः–** सत्र 2025–26 में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के समस्त छात्रों का समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

आज से सत्र 2025–26 का शुभारम्भ हो रहा है। मा0 कुलपति जी की तरफ से समस्त नव प्रवेशित होने वाले एवं अगली कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र / छात्राओं को हार्दिक शुभकामनायें एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना।

आप अवगत ही हैं कि शासन के निर्देशानुसार सत्र 2025–26 में प्रवेश लेने वाले स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के समस्त छात्रों का रजिस्ट्रेशन समर्थ पर कराया जाना अनिवार्य है, तदोपरान्त समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही प्रवेश लिया जाना है। शासन द्वारा प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार तथा शुक्रवार को समर्थ पर समीक्षा की जा रही है। लगातार निर्देशों के उपरान्त भी वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर में उक्त पर वांछित प्रगति नहीं हो रही है।

**यह स्पष्ट किया जाता है कि बिना समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के कोई भी प्रवेश मान्य नहीं होगा। इसका प्रचार–प्रसार समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने–अपने स्तर से स्थानीय स्तर पर किये जाने तथा समस्त छात्र / छात्राओं एवं अभिभावकों को जागरूक भी किया जाय।**

अतः उक्त के क्रम में समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक से पुनः अनुरोध है कि कृपया समर्थ पोर्टल पर शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन / प्रवेश दिनांक–20 जुलाई, 2025 तक कराया जाना सुनिश्चित करें। कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

डॉ0 (विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।
2. नोडल अधिकारी / समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
4. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
5. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव